बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 13 सितम्बर, 2025

## निर्वाची पदाधिकारियों का द्वितीय चरण तथा सहायक निर्वाची पदाधिकारियों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 की तैयारियों को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार श्री विनोद सिंह गुंजियाल के मार्गदर्शन में निर्वाची पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण शनिवार को पटना स्थित होटल रॉयल बिहार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 70 निवाची पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्वाची पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर अद्यतन निदेश से अवगत कराना तथा उन्हें व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाना है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नामांकन, संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापसी, प्रतीक आवंटन, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, भेद्यता मानचित्रण, निर्वाचक सूची का शुद्धिकरण, ईवीएम–वीवीपैट का प्रबंधन, मतदान दिवस की व्यवस्थाएँ, पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया, निर्वाचन व्यय की निगरानी, मीडिया प्रबंधन, आईटी एप्लिकेशन्स का उपयोग, मतगणना की पारदर्शिता तथा स्वीप गतिविधियों जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण अवधि में श्री अशोक प्रियदर्शी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री रत्नांबर निलय, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री धीरज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं श्रीमती निवेदिता सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रतिभागियों से कहा कि निर्वाचन से जुड़े प्रत्येक चरण का गहन अध्ययन और व्यावहारिक क्रियान्वयन ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करेगा।

इसी क्रम में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 की तैयारियों के तहत 221 सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का तीसरा चरण भी शनिवार को बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), पटना

तथा दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में संपन्न हुआ। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा, पटना में 83 सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के तीसरे चरण का प्रशिक्षण शनिवार को शुरू हुआ जो रविवार को संपन्न होगा।

इन केंद्रों पर भी निर्वाचन प्रक्रिया के विविध पहलुओं पर श्री अनिल कुमार राय, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री देवव्रत मिश्र, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री अविनाश चन्द्र, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री दिनेश लाल दास, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री विजय कुमार एवं श्री शशि प्रकाश राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं श्री सौरभ कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें कई व्यावहारिक जानकारियाँ मिली हैं, जिन्हें वे चुनाव की वास्तविक प्रक्रिया में लागू करेंगे। प्रतिभागियों ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और अनुभव का सदुपयोग कर वे चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं सहभागी बनाने में योगदान देंगे।

***************